**केनरा बैंक Canara Bank**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक: 24 जुलाई 2023**

## 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम

**परिचालन लाभ में वर्षानुवर्ष *15.11%* की वृद्धि**
**निवल लाभ में वर्षानुवर्ष *74.83%* की वृद्धि**
**वैश्विक व्यापार में वर्षानुवर्ष *9.38%* की वृद्धि**

### प्रमुख बिंदु (3 महीने की समाप्ति पर )
**(जून 2023 बनाम जून 2022)**

- वैश्विक कारोबार 9.38% की वृद्धि के साथ रुपये 20,80,141 करोड़ रहा।
- सकल अग्रिम 13.27% की वृद्धि के साथ रुपये 8,87,671 करोड़ रहा।
- जून 2023 के लिए निवल लाभ, जून 2022 के लिए रुपये 2022 करोड़ के निवल लाभ के मुकाबले रुपये 3,535 करोड़ रहा।
- परिचालन लाभ 15.11% की वृद्धि के साथ रुपये 7,604 करोड़ रहा।
- निवल ब्याज आय 27.72% की वृद्धि के साथ रुपये 8,666 करोड़ रहा।
- निवल ब्याज मार्जिन 27 बीपीएस सुधार के साथ 3.05% रहा।
- लागत-आय अनुपात 115 बीपीएस की कमी के साथ 43.61% रहा।
- आरएएम ऋण 12.89% बढ़कर ₹4,91,475 करोड़ हो गया, जो कुल अग्रिमों का 55% है।
- आवास ऋण में 13.64% के साथ खुदरा ऋण में 10.64% की वृद्धि हुई।
- रुपये 1,29,800 करोड़ की पोर्टफोलियो राशि के साथ स्वर्ण ऋण में 29.37% की वृद्धि हुई।
- सकल एनपीए अनुपात 183 बीपीएस की कमी के साथ 5.15% रहा।
- निवल एनपीए अनुपात 91 बीपीएस की कमी के साथ 1.57% रहा।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 353 बीपीएस के सुधार के साथ 88.04% रहा।
- सीआरएआर जून **2023** की स्थिति में 16.24% रहा। जिसमें सीईटी1 11.50% है।
- वित्तीय वर्ष 2023 की पहली तिमाही के 0.65% के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए आस्तियों पर रिटर्न सुधर कर 0.99% रहा।
- वित्त वर्ष **2023** की पहली तिमाही के 16.33% के मुकाबले वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए इक्विटी पर रिटर्न रिटर्न सुधर कर 22.95% हुआ।

Canara PREMIUM PAYROLL ACCOUNT 1 Bank 1 Number 1800 1030 24/7 365 Days IN 12 LANGUAGES ai1 THE BANKING SUPER APP

केनरा बैंक Canara Bank
सिंडिकेट Syndicate

# कारोबार निष्पादन के प्रमुख अंश (30.06.2023 की स्थिति में)

## कारोबार

- वैश्विक कारोबार, जून 2023 की स्थिति में 9.38% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ रुपये 20,80,141 करोड़ रहा, जिसमें वैश्विक जमा 6.65% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ रुपये 11,92,470 करोड़ और वैश्विक अग्रिम (सकल) 13.27% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ रुपये ₹8,87,671 करोड़ रहा।
- बैंक की घरेलू जमाराशि जून 2023 की स्थिति में 4.90% % (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ रुपये 11,04,506 करोड़ रही।
- बैंक का घरेलू अग्रिम (सकल), जून 2023 की स्थिति में 12.69% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ रुपये 8,43,063 करोड़ रहा।
- खुदरा ऋण पोर्टफोलियो, जून 2023 की स्थिति में 10.64% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ रुपये 1,42,297 करोड़ रहा।
- आवास ऋण पोर्टफोलियो, वर्षानुवर्ष 13.64% की वृद्धि के साथ रुपये 85,884 करोड़ रहा।
- कृषि क्षेत्र अग्रिम, जून 2023 की स्थिति में 19.97% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ रुपये 2,22,757 करोड़ रहा।

## आस्ति गुणवत्ता

- सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अनुपात जून 2023 को 5.15% रहा, जबकि मार्च 2023 में 5.35% था, जून 2022 में 6.98% था।
- निवल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनएनपीए) अनुपात जून 2023 में 1.57% रहा, जबकि मार्च 2023 में 1.73% था, जून 2022 में 2.48% था।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) जून 2023 में बढ़कर 88.04% हो गया, जो जून 2022 में 84.51% था।

## पूंजी पर्याप्तता

- सीआरएआर, जून 2023 की स्थिति में 16.24% रहा। जिसमें से सीईटी1 11.50% है, टियर-I 13.58% और टियर-II 2.66% है।

## प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र एवं वित्तीय समावेशन

- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि ऋण में एएनबीसी के क्रमशः **40%** और **18%** के मानदंड की तुलना में जून 2023 की स्थिति में बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 45.59% और कृषि ऋण में 20.37% का लक्ष्य हासिल किया।
- लघु और सीमांत किसानों को ऋण प्रदान करने के एएनबीसी के 10% के मानदंड की तुलना में बैंक नें 15.08% का लक्ष्य हासिल किया।
- कमजोर वर्गों को ऋण प्रदान करने के एएनबीसी के 12% के मानदंड की तुलना में बैंक ने 21.54% का लक्ष्य हासिल किया।

## नेटवर्क

- 30.06.2023 की स्थिति में, बैंक के 10683 एटीएम हैं एवं 9653 शाखाएँ हैं, जिनमें से 3049 ग्रामीण, 2723 अर्ध शहरी, 1970 शहरी और 1911 महानगरीय शाखाएं हैं । बैंक की लंदन, न्यूयार्क और दुबई में 3 विदेश स्थित शाखाएं भी हैं।

Canara PREMIUM PAYROLL ACCOUNT
1 Bank Number 1800 1030
24/7 365 Days IN 12 LANGUAGES
ai1 THE BANKING SUPER APP